**बिहार सरकार**
**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

पत्रांक–प्र03–विविध– 17/2021 3782 खाद्य/पटना, दिनांक– 25/08/2022

प्रेषक,

विनोद कुमार तिवारी,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
नालन्दा।

विषयः– श्री चन्द्रदीप कुमार, आपूर्ति निरीक्षक, हरनौत, नालन्दा का त्यागपत्र स्वीकृत करते हुए विरमित किये जाने के संबंध में।

प्रसंगः– जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नालन्दा का पत्रांक–877 दिनांक 10.08.2022 एवं श्री चन्द्रदीप कुमार, आपूर्ति निरीक्षक, हरनौत, नालन्दा द्वारा दिनांक 12.08.2022 को समर्पित अभ्यावेदन।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्रों द्वारा श्री चन्द्रदीप कुमार, आपूर्ति निरीक्षक, हरनौत, नालन्दा का चयन झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 07वीं से 10वीं प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर सहायक नगर आयुक्त के पद पर होने के फलस्वरूप उक्त पद पर योगदान किये जाने के निमित्त श्री कुमार द्वारा आपूर्ति निरीक्षक के पद से त्यागपत्र समर्पित करते हुए उसे दिनांक 17.08.2022 के अपराह्न के प्रभाव से स्वीकृत करने एवं विरमित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नालन्दा के पत्रांक–877 दिनांक 10.08.2022 एवं श्री चन्द्रदीप कुमार, आपूर्ति निरीक्षक, हरनौत, नालन्दा द्वारा समर्पित त्यागपत्र के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त उन्हें सहायक नगर आयुक्त के पद पर योगदान दिये जाने के निमित्त उनका त्यागपत्र दिनांक 17.08.2022 के अपराह्न के प्रभाव से स्वीकृत करते हुए पत्र निर्गत की तिथि से विरमित किया जाता है।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांकः– प्र03–विविध–17/2021 3782 खाद्य/पटना, दिनांक– 25/08/2022

प्रतिलिपिः– जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नालन्दा को उनके पत्रांक 877 दिनांक 10.08.2022 के संदर्भ में एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ, नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नालन्दा/अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ, नालन्दा अपने स्तर से आश्वस्त हो लें कि श्री कुमार के जिम्मे कोई पावना/बाकी–बकाया लंबित न हो।

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांकः– प्र03–विविध–17/2021 3782 खाद्य/पटना, दिनांक– 25/08/2022

प्रतिलिपिः– श्री चन्द्रदीप कुमार, आपूर्ति निरीक्षक, हरनौत, नालन्दा/आई0टी0 मैनेजर, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी।

D/Sec 3, 2021/Avinash/Draft vividh